45वें शतरंज ओलंपियाड में भारत का स्वर्ण पदक

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में भारतीय **शतरंज** पुरुष और महिला टीमों ने **बुडापेस्ट में आयोजित** **शतरंज ओलंपियाड** में **स्वर्ण पदक जीते।**

- भारतीय **पुरुष टीम ने** 45वें शतरंज ओलंपियाड के 11वें और अंतिम राउंड में स्लोवेनिया को 3.5-0.5 के स्कोर से हराया।
- इसके साथ ही **भारतीय महिला टीम ने अजरबैजान पर दबदबा बनाते हुए** 3.5-0.5 के अंतर से जीत हासिल की।
- भारत से पहले केवल **चीन और तत्कालीन सोवियत संघ ने** ही शतरंज ओलंपियाड के एक ही संस्करण में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया था।
    - भारतीय **पुरुष टीम ने इससे पहले** टूर्नामेंट के वर्ष **2014 और 2022 के संस्करणों** में **दो कांस्य पदक** हासिल किये थे।
    - भारतीय **महिला टीम ने** चेन्नई में आयोजित वर्ष **2022 के संस्करण में कांस्य पदक** जीता था।
- **शतरंज ओलंपियाड:**
    - यह एक **द्विवार्षिक आयोजन है** जिसमें **विश्व भर के देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें प्रतिस्पर्द्धा करती हैं**। FIDE इस टूर्नामेंट का आयोजन करता है और मेज़बान देश का चयन करता है।
    - अनौपचारिक रूप से पहला **ओलंपियाड वर्ष 1924 में आयोजित किया गया था।**

अधिक पढ़ें: अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-won-gold-at-45th-chess-olympiad